ISSN No : 2583-3316

कृषि उद्यान दर्पण

Volume 2 : Issue 3 : December2022

Society for Advancement in Agriculture, Horticulture & Allied Sectors
SAAHAS

ISSN No. 2583-3146

कृषि उद्यान दर्पण

3/2, ड्रमण्ड रोड, (नथानी अस्पताल के सामने), प्रयागराज-211001, (U.P.) दूरभाष-9452254524
वेबसाइट : saahasindia.org, ई-मेल-contact.saahas@gmail.com
Article Submission :– krishiudyandarpan.hi@gmail.com

सम्पादकीय मण्डल

प्रधान संपादक	**डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, उद्यान विज्ञान विभाग एवं फल विज्ञान विभाग चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.)
वरिष्ठ संपादक	**डॉ. रोशन लाल राऊत** वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, बालाघाट (एम.पी.)
	डॉ. शुभम कुमार कुलश्रेष्ठ सहायक अध्यापक, उद्यान विज्ञान विभाग रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन (मध्य प्रदेश)
सह सम्पादक गण	**डॉ. नीलम राव रंगारे** वैज्ञानिक, संस्था निदेशालय इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, लाभण्डी, रायपुर (छत्तीसगढ़)
	डॉ. नंगखाम जेम्स सिंह पशुचिकित्सक क्षेत्र सहायक,पशुपालन एवं डेयरी विभाग, शुआट्स, (उ.प्र.)
	प्रखर खरे एम.एस.सी. उद्यान विज्ञान विभाग, शुआट्स, प्रयागराज (उ.प्र.)
पांडुलिपि संपादक	**स्निग्धा हल्दर** सहायक संपादक, एग्रो इण्डिया पब्लिकेशन, प्रयागराज, (उ.प्र.)
कंटैट लेखक/ स्तंभ लेखक	**डॉ. विशाल नाथ पाण्डेय** विशेष कार्य अधिकारी आई.सी.ए.आर., आई.ए.आर.आई, झारखण्ड, हजारीबाग (झारखण्ड)
फोटोग्राफी	**स्वप्निल सुभाष स्वामी**
वेब एडिटर	**प्रितेश हलदार** प्रकाशक, एग्रो इण्डिया पब्लिकेशन, प्रयागराज, (उ.प्र.)

प्रकाशक **Society for Advancement in Agriculture, Horticulture & Allied Sectors (SAAHAS)**

ISSN No. 2583-3146

कृषि उद्यान दर्पण

इस पृष्ठ में

- ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की उद्यानिकी फसलों में उपयोगिता 1-4
- ककोड़ा की उन्नत खेती 5-6
- कीटनाशकों के प्रयोग से पहले एवं बाद में रखी जाने वाली सावधानियाँ 8-10
- आम के महत्वपूर्ण मूल्यवर्धित उत्पाद 11-15
- सूरजमुखी की खेती 16-18
- सब्जी फसलों में खड़ी खेती 19-23
- उत्तम मसाला बीज की सुधार के उपज के लिए सिंचाई समयबद्ध 24-28
- ड्रैगन फ्रूट की वैज्ञानिक खेती 29-32
- किवी फल की खेती 33-36

इस पत्रिका में प्रकाशित लेख एवं विचार लेखकों के निजी हैं। प्रकाशित/सम्पादक इसके लिये उत्तरदायी नहीं है। इस पत्रिका से सम्बन्धित वाद का निस्तारण क्षेत्र प्रयागराज होगा।*

ISSN No. 2583-3146

ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की उद्यानिकी फसलों में उपयोगिता

प्रमिला

उद्यान विज्ञान विभाग

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर

पत्राचारकर्ता : prmtca@gmail.com

परिचय

ड्रिप सिंचाई-पद्धति एक ऐसी विधि है, जिसमें पानी को बूँद-बूँद के रूप में पौधों की जड़ में उपलब्ध होता है। ड्रिप सिंचाई के अन्तर्गत प्लास्टिक पाइपों द्वारा पौधों की जड़ों में सीधा तथा समान रूप में सिंचाई एवं कम पानी का प्रयोग करके अधिक गुणवत्ता वाले उत्पाद प्राप्त किये जा सकते हैं। ड्रिप सिंचाई में जल के साथ-साथ उर्वरक तथा जल में घुलनशील अन्य आवश्यक रसायन भी सीधे पौधों तक पहुँचाये जा सकते हैं। इस प्रणाली के द्वारा जल की बचत के साथ-साथ उर्वरक की भी पर्याप्त बचत होती है। ये विधियाँ मृदा के प्रकार, खेत की ढाल, जल के स्रोत और किसान की योग्यता के अनुसार अधिकत्तर फसलों के लिए अपनाई जा सकती हैं। इस विधियों की सिंचाई-दक्षता 80-90 प्रतिशत हो सकती है। फसलों की पैदावार बढ़ने के साथ-साथ इन विधियों से उत्पाद की गुणवत्ता, रसायन एवं उर्वरकों का दक्ष उपयोग, जल के विक्षालन व अप्रवाह में कमी, खरपतवारों में कमी और जल की बचत सुनिश्चित की जा सकती है। सिंचाई की इन विधियों, जैसे-स्प्रिंकलर और ड्रिप का प्रयोग पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रहा है। अतः सूक्ष्म सिंचाई के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र में वृद्धि करना अनिवार्य हो चुका है। देश भर के किसान भाई भी इसे अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। ड्रिप सिंचाई से भारतीय कृषि में उत्साहपूर्ण परिणाम प्राप्त हुए हैं। आज देश में इस विधि द्वारा 6,50,000 हेक्टर से अधिक भूमि की सिंचाई की जा रही है तथा इसके उपयोग से फलों के बाग, सब्जियाँ एवं फूलों में अच्छी पैदावार प्राप्त की जा रही है।

टपक ड्रिप सिंचाई का विकास

टपक सिंचाई का उद्‌भव सन् 1860 ई. में जर्मनी में हुआ। जर्मन वैज्ञानिकों ने जमीन के नीचे पाईप डालकर सिंचाई करने के लिये टपक सिंचाई तंत्र का विकास किया।

जमीन के नीचे पाईप डालकर सिंचाई करने के लिए टपक सिंचाई तंत्र का विकास किया गया। जर्मनी में ही वैज्ञानिकों ने सन् 1920 ई. में पाइपों में छिद्र बनाकर टपक सिंचाई के विकास में महत्तवपूर्ण योगदान दिया। भारत में टपक सिंचाई का उपयोग विभिन्न रूपों में बहुत पुराने समय से होता आ रहा है। जैसे उत्तरी भारत में घड़े में जल भर कर उसकी पेंदी में एक छोटा छेद करके पौधों की जड़ों के पास रख देते थे और इसी प्रकार पूर्वोत्तर राज्यों में किसान बांस से बना टपक सिंचाई तन्त्र लम्बे समय से प्रयोग करते आ रहे हैं। भारत में टपक सिंचाई तन्त्र का प्रयोग सन् 1970 ई. में प्रारम्भ हुआ और इस तन्त्र को किसानों तक पहुँचाने के लिए प्रथम प्रयास सन् 1980 ई. में किया गया। टपक सिंचाई का व्यावसायिक रूप में प्रोत्साहन आठवी पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत सरकार द्वारा कृषि में 'प्लास्टिक का उपयोग' नामक परियोजना से प्रारम्भ किया गया।

सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से लाभ एवं विशेषतायें

(क) ड्रिप सिंचाई-पद्धति

- इस पद्धति द्वारा पानी का केवल पौधों की जड़ों में ही वितरण होता है। अतः पानी की निश्चित बचत होने से अधिक क्षेत्रों में सिंचाई संभव हो जाती है।
- अधिक उपज एवं समय से पहले फसल का तैयार हो जाती है।
- इस पद्धति मे पानी देने के लिये नालियाँ बनाने की आवश्यकता नहीं होने से श्रम एवं खर्च में बचत होती है।
- पोषक तत्वों, पानी एवं हवा का पौधों की जड़ों में समुचित सम्मिश्रण संभव है, अतः पैदावार तथा उसकी गुणवत्ताा में अविश्वसनीय वृद्धि हो सकती है।
- केवल जड़ों को ही पानी देने से खर-पतवार नियन्त्रण होने के कारण खर-पतवार की समस्या दूर हो जाती है।

- ड्रिप सिस्टम द्वारा पौधों की जड़ों में ही खाद का एकसमान वितरण संभव होने से रसायन की बचत होती है।
- लवणीय भूमि में भी खेती हो सकती है।
- सिंचाई के लिए लवणीय जल भी उपयोगी हो सकता है।
- इस पद्धति से यदि खेत समतल नहीं है अर्थात् ऊबड़-खाबड़ है, तब भी पौधों की सिंचाई भली प्रकार से की जा सकती है।

(ख) छिड़काव (माइक्रोस्पिंकलर) पद्धति

- माइक्रोस्पिंकलर पद्धति द्वारा पौधों की जड़ों में एकसार (एक समान) खाद-वितरण संभव हो पाता है।
- पानी देने के लिए नालियाँ बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। अतः श्रम एवं खर्च में बचत हो जाती है।
- अनोखी बायोनेट कपलिंग।
- विशिष्ट प्लास्टिक से निर्मित होने के कारण लम्बी अवधि तक समस्या रहित कार्य।
- इस पद्धति के द्वारा एकसार (एक समान) जल-वितरण हो जाता है।
- छिड़काव पद्धति द्वारा विभिन्न प्रकार की नोजल द्वारा 23 ली./घं. की दर से 333 ली./घं. जल-वितरण सम्भव है।

ड्रिप सिंचाई एवं सतही सिंचाई विधि में अन्तर

जल की बचत : ड्रिप सिंचाई के द्वारा 70 प्रतिशत जल की बचत होती है, जबकि सतही सिंचाई में जल का बड़ा हिस्सा वाष्पन एवं रिसाव में व्यर्थ हो जाता है।

जल के उपयोग की दक्षता : ड्रिप सिंचाई के द्वारा 80 से 90 प्रतिशत जल का उपयोग होता है, जबकि सतही सिंचाई में केवल 30-40 प्रतिशत ही जल का उपयोग होता है, क्योंकि अधिकतर जल फसल तक पहुँचने के पहले और वितरण में व्यर्थ हो जाते हैं।

श्रम की बचत : ड्रिप चलाने में बहुत कम श्रम की आवश्यकता होती है, जबकि सतही सिंचाई में अपेक्षाकृत अधिक श्रम की आवश्यकता होती है।

खर-पतवार की समस्या : ड्रिप सिंचाई में खर-पतवार भी नियंत्रित रहता है जबकि सतही सिंचाई में खर-पतवार की मात्रा अधिक होती है।

खराब मृदाओं में उपयुक्तता : ड्रिप सिंचाई को सब प्रकार की मृदाओं की सिंचाई के उपयोग किया जा सकता है जबकि सतही सिंचाई से खराब मृदाओं में सिंचाई करना संभव नहीं है।

जल का नियंत्रण : ड्रिप सिंचाई से जल का नियंत्रण बिल्कुल सही और सरल ढंग से संभव है जबकि सतही सिंचाई में जल का वितरण एवं नियंत्रण कम होता है।

उर्वरक उपयोग की दक्षता : ड्रिप सिंचाई के द्वारा पोषक तत्तव नष्ट नहीं होते हैं, इसलिए उर्वरक के उपयोग की दक्षता बढ़ जाती है जबकि सतही सिंचाई द्वारा पोषक तत्तव नष्ट हो जाते हैं इसलिए उनके उपयोग की दक्षता कम होती है।

भू-क्षरण : ड्रिप सिंचाई के द्वारा भू-क्षरण कम होता है जबकि सतही सिंचाई के द्वारा भू-क्षरण अधिक होता है।

उपज में बढ़ोतरी : ड्रिप सिंचाई के द्वारा पौधों की वृद्धि अधिक होती है, जिससे उपज 50-100 प्रतिशत तक बढ़ सकती है जबकि सतही सिंचाई के द्वारा उपज का प्रतिशत कम होता है।

ड्रिप संयन्त्र

ड्रिप संयन्त्र बागों में पानी के मुख्य स्त्रोत से पौधों की जड़ों तक कुछ विभिन्न आकार-प्रकार एवं क्षमता वाले प्लास्टिक की पाइपों की सहायता से पूरे खेत/बाग में जाल-सा बिछाकर कुछ अन्य उपकरण जैसे ड्रिपर/इमिटर, स्क्रन फिल्टर, बालू छन्नक (सैन्डफिल्टर), गेट वाल्ब, सेन्चुरी आदि को लगाकर बूँद-बूँद पानी उपलब्ध कराये जाने की पद्धति को ही ड्रिप संयन्त्र के नाम से जाना जाता है।

ड्रिप सिंचाई के प्रकार

(अ) सतही ड्रिप सिंचाई : इसमें लैटरल पाइपों को जमीन पर बिछाते हैं और ड्रिपरों को लैटरल पाइप में छेद करके ड्रिपर को लगा देते हैं। ड्रिपरों से जल बूँद-बूँद करके पौधों की जड़ों के आस-पास गिरता है। ड्रिपरों में जल-प्रवाह 2 से 20 ली. प्रति घंटा होता है। आवश्यकतानुसार ड्रिपरों की जगह अति सूक्ष्म नलिकाओं (माइक्रोट्यूब) का भी प्रयोग जल-उत्सर्जन के लिए किया जा सकता है।

(ब) उप-सहती ड्रिप सिंचाई : इसमें लैटरल पाइपों को जड़ों के साथ-साथ जमीन के नीचे बिछाते हैं, जो फसल को आवश्यकतानुसार जल उपलब्ध कराते हैं। लैटरल पाइपों में लगे ड्रिपरों द्वारा जल निकलता है। लैटरल पाइपों का निर्माण

ISSN No. 2583-3146

करते समय ही उनके अन्दर ड्रिपरों को भी लगाया जा सकता है। उप-सतही ड्रिप सिंचाई में केवल उप-सतह नम होती है और मृदा की ऊपरी सहत सूखी रहती है। उप-सतही सिंचाई में वाष्पोत्सर्जन से होने वाली जल-हानि बहुत कम होती है। मृदा की ऊपरी सतह सूखी रहने के कारण खरपतवारों की वृद्धि भी नहीं होती है।

(स) बुलबुला ड्रिप सिंचाई : ड्रिप सिंचाई की इस विधि में जल दबाव के कारण सूक्ष्म जलधारा की तरह निकलता है, जिसके फलस्वरूप बुलबुले उत्पन्न होते हैं और जल का उत्सर्जन ड्रिपरों के प्रस्राव की तुलना में कई गुना अधिक होता है। बुलबुला ड्रिप सिंचाई विधि में उपमुख्य और लैटरल पाइपों के स्थान पर केवल मुख्य पाइप होता है। बुलबुला विधि से सिंचाई अभी तक भारत में प्रचलित नहीं है।

ड्रिप सिंचाई-पद्धति में प्रयोग होने वाले मुख्य घटक

क. मुख्य पाइप लाइन : मुख्य पाइप लाइन जो कि पी.वी.सी. या एच.डी.पी.ई. से बना होता है, जमीन से सामान्यतः 2 फुट की गहराई में रहता है। मुख्य पाइप लाइन का मुख्य कार्य पानी के स्रोत को सहायक मुख्य पाइप लाइन से जोड़ना होता है। 65 मिली मीटर या अधिक और 4 से 10 कि.ग्रा. प्रति वर्ग से.मी. दबाव-क्षमता की पाइपों की प्रति मीटर कीमत पाइप के व्यास पर निर्भर करती है इसलिए उपयुक्त व्यास के पाइप का ही चयन करना चाहिये।

ख. उप-मुख्य पाइप लाइन : यह पी.वी.सी. या एच.डी.पी.ई. से बना होता है, जो कि मुख्य पाइप लाइन की तरह ही 2 फुट की गहराई में रहता है। सब मेन उपमुख्य पाइप का मुख्य कार्य मुख्य पाइप से पानी लेकर लैटरल पाइप को पानी पहुँचाना होता है। 32 से 75 मिली. मीटर व्यास और 2.5 से 6.0 कि.ग्रा. प्रति से.मी. दबाव क्षमता की पाइपों का उपमुख्य पाइप के रूप में प्रयोग होता है।

मेन (मुख्य) पाइप लाइन तथा सबमेन (उप-मुख्य) पाइप लाइनों की फिटिंग्स : इन लाइनों में फिटिंग्स जैसे-टी, एलबो, रिड्यूसर, सॉकेट और प्रक्षालन वाल्ब का प्रयोग किया जाता है। ड्रिप सिंचाई में पी.वी.सी. पाइपों को सीमेन्ट घोल से जोड़ा जाता है।

ग. लेटरल पाइप लाइन (उप-मुख्य पाइप से पतले काले प्लास्टिक की पाइप पौधों की कतारों के साथ-साथ डाली जाती है) : यह एल.एल.डी.पी.ई. से निर्मित होती है तथा इन पाइपों पर धूप का असर यू.भी.स्टेबलाईजर होने के कारण नहीं पड़ता है। इन पाइपों को उपमुख्य पाइप लाइन से जोड़ दिया जाता है तथा ड्रिपर्स/माइक्रोस्प्रिंकलर को लेटरल पाइप से जोड़ दिया जाता है। बाजार में 10, 12 तथा 16 मिलीमीटर व्यास की लैटरल पाइप उपलब्ध हैं। लैटरल पाइपों में प्रयोग होने वाली प्लास्टिक की मोटाई 1 से 3 मिलीमीटर और दबाव क्षमता 2-5 कि.ग्रा. प्रति से.मी. तक होती है। लैटरल पाइप लचीला, जंग न लगने वाला और सूर्य के प्रकाश के प्रतिरोधी होनी चाहिये।

लैटरल पाइप में प्रयोग होने वाली फिटिंग : लैटरल पाइपों में जल के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए एच.डी.पी.ई.

विभिन्न मुख्य तथा उप-मुख्य पाइपों के न्यूनतम व्यास और दबाव सहने की क्षमता

पाइप का व्यास (मिली.मीटर)	पाइप दबाव (कि.ग्रा. प्रति वर्ग से.मी.)	पाइप का व्यास (मिली.मीटर)	पाइप दबाव (कि.ग्रा.)
40	6.0	110	10.0
50	6.0	122	2.5
50	10.0	125	6.0
63	4.0	140	2.5
63	6.0	140	4.0
75	4.0	140	6.0
90	4.0	160	2.5
90	10.0	160	4.0
110	4.0	160	6.0
110	6.0	160	10.0

प्लास्टिक के बने वाल्व का प्रयोग किया जाता है। दिशा-परिवर्त्तान के लिए एच.डी.पी.ई. से बने एलबो बटी का प्रयोग किया जाता है। लैटरल पाइपों के खुले सिटों से जल-प्रवाह को रोकने के लिए एण्ड कैप लगाए जाते हैं।

नोट : प्रति सप्ताह या आवश्यकतानुसार एण्ड कैपों को खोलकर पूरे दबाव से जल प्रवाहित किया जाता है, जिससे लैटरल पाइपों की जमी गन्दगी जल के तेज प्रवाह के साथ बाहर निकल जाती है। ऐसा करने से ड्रिपर्स और पाइपों में सामान्य प्रकार के अवरोधन की समस्या का निदान हो जाता है। सफाई करने के बाद पुनः एण्ड कैप लगाकर पाइप बन्द कर देते हैं। लैटरल पाइप में यदि किसी प्रकार का छिद्र हो जाए या ड्रिपर हटाया गया हो तो जल बहाव को रोकने के लिए गूफ प्लग का प्रयोग करना चाहिये। गूफ प्लग प्लास्टिक के बने होते हैं।

अ. ड्रिपर्स/माइक्रो ट्यूब व माइक्रो स्प्रिंकलर्स : यह पॉली-प्रोपीलीन प्लास्टिक से बना होता है जिसको कि लेटरल पाइप से जोड़ दिया जाता है। इसके माध्यम से पौधे की जड़ में पानी सीधे पहुँचाया जाता है। ड्रिपरों की बनावट और उनको लैटरल में लगाने के तरीके के आधार पर ड्रिपर्स को मुख्यतः दो भागों में बाँटा जा सकता है - (1) लैटरल पाइप के ऊपर लगने वाले ड्रिपर और लैटरल पाइप में अन्दर लगने वाले ड्रिपर। ड्रिपर्स 2, 4 व 8 लीटर प्रति घंटा की क्षमताओं के होते हैं। ड्रिपर्स की संख्या पौधों की जल-आवश्यकता के आधार पर रखी जाती है।

माइक्रो ट्यूब अत्यन्त छोटे व्यास की एल.एल.डी.पी.ई. पदार्थ की नलिकायें होती हैं। यह लैटरल पाइपों से जल-उत्सर्जन के लिए ड्रिपरों की तरह प्रयोग में लाई जा सकती है। 6 से 8 मिली. मीटर व्यास तक की नलिकायें सामान्यतः माइक्रो ट्यूब की तरह प्रयोग में लाई जाती है।

ब. माइक्रो स्प्रिंकलर : माइक्रोस्प्रिंकलर के द्वारा प्राकृतिक वर्षा की फुहारों की तरह सिंचाई होती है। इस विधि के द्वारा पौधे की सम्पूर्ण जड़ों को पानी एक साथ दिया जात है।

स. फिल्टर्स (छन्नक) : फिल्टर का मुख्य कार्य जल-स्त्रोत से आने वाले पानी को मेन पाइप लाइन में भेजने से पूर्व साफ करना होता है। सामान्यतः स्क्रीन फिल्टर काम में लाया जाता है, किन्तु यदि अशुद्धियों की मात्रा अधिक हो तो सैण्ड फिल्टर का प्रयोग किया जाता है। प्रयोग होने वाले फिल्टर का प्रकार, जल की गुणवत्ता और तंत्र के संचालन दबाव पर निर्भर होता है।

द. बाई पास एसेम्बली : यदि जल-स्त्रोत से आवश्यकता से अधिक जल प्राप्त हो रहा है, तो बाई पास एसेम्बली के माध्यम से अवशेष जल को अन्यत्र प्रयोग किया जा सकता है।

य. उर्वरक (मिश्रण) युनिट : इस यूनिट के द्वारा जल के साथ-साथ उर्वरकों को भी सीधे पौधे के पास तक पहुँचाया जा सकता है। इसके लिए तरल उर्वरकों को उर्वरक अन्तः क्षेपक यंत्र द्वारा सिंचाई के जल में मिलाकर पौधों की जड़ों को दिया जाता है। इसमें जल की बचत के साथ-साथ उर्वरकों की भी बचत होती है। दबाव नियंत्रक वाल्व की सहायकता से उर्वरक विलयन की अन्तःक्षेपण-दर को आवश्यकतानुसार कम या अधिक किया जा सकता है।

र. पम्प और मोटर : जल-स्त्रोत से जल उठाने के लिए मोटर और पम्प का प्रयोग किया जाता है। पम्प की क्षमता का निर्धारण फसलों की जलावश्यकता, खेत का क्षेत्रफल और प्रति सिंचाई में लगने वाले समय के अनुसार किया जाता है। मोटर की शक्ति का निर्धारण ड्रिप सिंचाई तंत्र में आवश्यक दबाव-स्त्रोत में जल की गहराई और ड्रिप सिंचाई यूनिट से मोटर की दूरी के अनुसार करते हैं।

❖❖

ISSN No. 2583-3146

ककोड़ा की उन्नत खेती

रमेश अमूले[1*], आर.एल. राऊत[2] एवं एस.आर. धुवारे[3]

कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव, बालाघाट

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर

पत्राचारकर्ता : rameshamule@gmail.com

परिचय

ककोड़ा (खेखसा) एक बहुवर्षीय कद्दूवर्गीय सब्जी है, जिसे भारत के कुछ क्षेत्रों में उगाया जाता है। ककोड़ा, को काटवल, परोड़ा, खेक्सी या सेक्सी के नाम से भी जाना जाता हैं। ककोड़ा का वैज्ञानिक नाम *मोमोड्रिका डायोइका (Momordica dioica)* है और यह कुकुरबिटेसी (Cucurbitaceous) कुल से सम्बन्ध रखता है। जंगली क्षेत्रों में स्वयं उगते हुए देखे जा सकते हैं, इसलिए इन क्षेत्रों के आस-पास के लोग इसकी सब्जी के रूप में बहुतायत से उपयोग करते हैं। ककोड़ा के बीज को एक बार लगाने के बाद इसके मादा पौधे से लगभग 8-10 वर्षों तक फल प्राप्त होते रहते हैं। यह स्वाद में अधिक स्वादिष्ट और पोषक तत्व से भरपूर सब्जी है, जिस वजह से इसका बाजार मूल्य काफी अच्छा होता है। कृषकों के लिए यह एक अच्छी कमाई का साधन भी है, जिस वजह से ककोड़ा की खेती मुनाफे की खेती भी कही जाती है। ककोड़ा के फलों का उपयोग अचार बनाने के लिए भी किया जाता है। यह कफ, खांसी, अरूचि, वात, पित्तनाशक और हृदय में होने वाले दर्द से राहत दिलाता है। इसकी जड़ों का उपयोग बवासीर में रक्त बहाव रोकने के लिए, पेशाब की शिकायत व बुखार होने पर बहुत लाभकारी होता है। ककोड़ा के फलों का सेवन करने से मधुमेह रोगी के शर्करा नियंत्रण में भी बहुत उपयोगी है।

किसानों को ककोड़ा की खेती का प्रशिक्षण देते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र बालाघाट के वैज्ञानिक

जलवायु

ककोड़ा गर्म और कम सर्द मौसम की फसल है। इस सब्जी की खेती उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय दोनों क्षेत्रों में की जा सकती है। इस फसल को बेहतर विकास और उपज के लिए अच्छी धूप की आवश्यकता होती है। इसकी खेती के लिए 27 से 32 डिग्री सेल्सियस का तापमान उपयुक्त है।

भूमि का चुनाव

ककोड़ा की खेती विभिन्न प्रकार की मिट्टी में उगाई जा सकती है। परन्तु इसकी खेती रेतीली भूमि, जिसमें पर्याप्त मात्रा में जैविक पदार्थ हो तथा जल निकास की उचित व्यवस्था हो, अच्छी रहती है। इसके साथ ही मृदा का पी.एच. मान 6-7 के बीच होना चाहिए। ककोड़ा अम्लीय भूमि के प्रति संवेदनशील होती है।

बुवाई समय

ककोड़ा के बीजों की बुवाई का समय जून-जुलाई है। बीज के साथ-साथ ककोड़ा का प्रर्वधन उसके वानस्पतिक अंगों से भी किया जाता है। बीजों के द्वारा प्रवर्धन से 1:1 के अनुपात में नर व मादा पौधे मिलते हैं। इसलिए ककोड़ा की फसल के लिए बीजों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ककोड़ा की खेती से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रर्वधन वानस्पतिक भाग अर्थात् जड़ के कन्द द्वारा करना चाहिए।

ISSN No. 2583-3146

किस्में

Indira kankoda I (RMF 37) एक नई व्यावसायिक किस्म है, जिसे इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किया गया है। इस किस्म की खेती उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र में की जा सकती है। यह बेहतर किस्म सभी प्रमुख कीटों और कीड़ों के लिए प्रतिरोधी है। यह तुड़ाई के लिए 35 से 40 दिन में तैयार हो जाती है। यदि इसके बीजों को ट्यूबर्स में उगाते हैं तो यह 70 से 80 दिन में तैयार हो जाती है। इस किस्म की औसतन उपज पहले साल 4 क्विंटल/एकड़ है, दुसरे साल 6 क्विंटल/एकड़ और तीसरे साल 8 क्विंटल/एकड़ होती है।

बीज मात्रा

सही बीज जिसमें कम से कम 70-80 प्रतिशत तक अंकुरण की क्षमता हो। ऐसे बीज की 8-10 किग्रा. प्रति हेक्टेयर आवश्यकता होती है। कंद से रोपण के लिये 10,000 कंद प्रति हेक्टेयर की आवश्यकता होती हैं।

बिजाई और अन्तरण

तैयार बेड में 2 सेंटीमीटर की गहराई में 2 से 3 बीज बोएं, मेड़ से मेड़ का फासला लगभग 1 मीटर या पौधे से पौधे का फासला लगभग 1 मीटर होना चाहिए।

बुवाई विधि

ककोड़ा की फसल से अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए खेत में पौधों की संख्या पर्याप्त होना आवश्यक है। इस फसल की बुवाई अच्छी प्रकार तैयार खेत में क्यारी बनाकर अथवा गड्ढों में किया जाता है। गड्ढे की आपस में दूरी 1-1 मीटर रखनी चाहिए तथा प्रत्येक गड्ढे में 2-3 बीज की बुवाई करते है, जिसमें बीच वाले गड्ढे में नर पौधा रखते हैं तथा बाकी गड्ढों में मादा पौधों को रखते हैं। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि एक गड्ढे में एक ही पौधा रखा जाता है।

खाद व उर्वरक

ककोड़ा की खेती से अधिक लाभ लेने के लिए संतुलित पोषण दें। सामान्यतया 200 से 250 क्विंटल प्रति हेक्टेयर अच्छी सड़ी हुई गोबर की खाद खेत की अंतिम जुताई के समय खेत में डालकर मिट्टी में मिला देना चाहिए। इसके अलावा 65 कि.ग्रा. यूरिया, 375 कि.ग्रा. एस.एस.पी तथा 67 कि.ग्रा. एम.ओ.पी. प्रति हे. देना चाहिए।

सिंचाई, निड़ाई-गुड़ाई व खरपतवार नियंत्रण

फसल की बुवाई के तुरन्त बाद खेत में हल्की सिंचाई करनी चाहिए। बरसात में सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती, परन्तु दो वर्षा के समय में अधिक अन्तर होने पर सिंचाई करनी चाहिए। खेत में आवश्यकता से अधिक पानी को बाहर निकालने के लिए जल निकास की भी व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि अधिक पानी से बीज या कन्द सड़ सकता है। ककोड़ा

की फसल में खरपतवार नियंत्रण की अधिक जरूरत नहीं होती हैं। परन्तु खेत खरपतवार रहित रहना चाहियें, इसकी फसल में केवल दो से तीन गुड़ाई की जरूरत होती हैं। बेल को सहारा देने के लिये उचित व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक हैं।

प्रमुख कीट व रोकथाम

इस पर बहुत कम कीट व व्याधियों का प्रकोप होता है। परन्तु फल मक्खी ककोड़ा के फलों को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड या इन्डोक्साकार्ब 14.5 एस.सी. की 1.5-2.0 मि.ली. मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव कर फसल की सुरक्षा की जा सकती है।

पौधों को सहारा (स्टेकिंग) देना

ककोड़ा से अधिक उपज प्राप्त करने के लिए पौधों को

सहारा देना आवश्यक है। स्टेकिंग करने से पौधों की बढ़वार अच्छी होती है तथा गुणवत्ता युक्त फल प्राप्त करने के लिए बांस या सूखी लकडियों की टहनी आदि से सहारा देना आवश्यक होता है। ककोड़ा एक बहुवर्षीय फसल है इसलिए पौधों को सहारा देने के लिए लोहे के एंगल पर जालीनुमा तार 5-6 फीट ऊंची, 4 फीट गोलाकार संरचना का उपयोग कर सकते हैं, जिससे अधिक फल प्राप्त कर सकते हैं।

ककोड़ा के फसल की कटाई (Kakoda Crop Harvesting)

ककोड़ा के फसल की कटाई व्यापारिक उद्देश्य और गुणवत्ता के अनुसार की जाती हैं। सब्जी के रूप में ककोड़ा की पहली कटाई दो से तीन माह पश्चात् की जा सकती हैं। इस दौरान आपको ताजे स्वस्थ और छोटे आकार के ककोड़ा की फसल मिल जाती हैं। इसके अलावा फसल की कटाई एक वर्ष बाद भी की जा सकती है, इस दौरान फसल की गुणवत्ता काफी अच्छी पायी जाती हैं। अच्छी गुणवत्ता वाले ककोड़ा की मांग बाजारो में काफी अधिक रहती हैं। ककोड़ा का बाजारी [illegible] 150/-रूपयें या उससे भी अधिक हो सकता हैं। इस हिसाब से किसान भाई ककोड़ा की एक बार की फसल से अच्छी कमाई करते हैं। यह सब्जी बिजाई के 70 से 80 दिन में कटाई के लिए तैयार हो जाती है। यह दूसरे वर्ष में 35 से 40 दिनों में तैयार हो जाती हैं।

निष्कर्ष

यह स्वाद में अधिक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर सब्जी है, जिस वजह से इसका बाजारी भाव काफी अच्छा होता है। किसान भाइयों के लिए यह एक अच्छी कमाई का साधन भी है। जिस वजह से ककोड़ा की खेती मुनाफे की खेती भी कही जाती है। ककोड़ा अपने औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है।

❖❖

ISSN No. 2583-3146

कीटनाशकों के प्रयोग से पहले एवं बाद में रखी जाने वाली सावधानियाँ

सुभम कुमार

कृषि विभाग, जे .बी.आई.टी. कॉलेज ऑफ अप्लाइड साइंसेज, देहरादून

पत्राचारकर्ता : subhamkumarpp12@gmail.com

परिचय

आजकल सभी प्रकार की फसलों में रासायनिक कीटनाशकों का ही प्रयोग किया जा रहा है। आपको यह जानकार भी आश्चर्य होगा कि भारत में प्रति वर्ष दस हजार से ज्यादा लोगों की मौत रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मौतों के लिए जिम्मेदार श्रेणी-1 के कीटनाशक है। रासायनिक कीटनाशक लाभदायक मित्र कीटों की संख्या में भी काफी कमी ला देते हैं। ऐसे में कीटनाशकों का इस्तेमाल सुरक्षित तरीके से करने की और किसानों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

उन्नत खेती के लिए उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक, निराई-गुडाई, समय पर सिंचाई आदि की जरूरत होती है। परन्तु अगर कीट नियंत्रण सुरक्षित रूप से नहीं किया जाए तो पैदावार में गिरावट भी हो सकती है। कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से प्रदूषण तो बढ़ता ही है, साथ ही साथ लाभदायक मित्र कीटों की संख्या में भी काफी कमी आती है एवं कीटों में कीटनाशकों के प्रति प्रतिरोधकता भी पैदा होती है। इसके अतिरिक्त फसल जलना, मनुष्य व जानवरों की मृत्यु होना भी पाया गया है। अतः कीटनाशकों का इस्तेमाल सुरक्षित तरीकें से करना अति आवश्यक है।

किसानो के लिए फसल बहुत अहमियत रखती है, वह अपनी फसल को सुरक्षित रखने के लिए कई तरह के उपायों को प्रयोग में लाता है। फसल को सुरक्षित रखने और उन्हें होने वाली हानियों से बचाने के लिए कई तरह की दवाइयाँ और कीटनाशक बाजार में उपस्थित है, जिन्हे किसान खरीदकर उपयोग में ला सकते है, किन्तु बहुत से किसानो को इन कीटनाशक और दवाइयों के नाम नहीं पता होते है, जिस वजह से किसानो को दवाइयों को खरीदने में भी दिक्कत होती है। इसलिए इन कीटनाशकों के नाम को जानना भी उतना ही जरूरी होता है।

कीटनाशकों के प्रयोग से पहले बरते जाने वाली सावधानियाँ

- कीटों की अच्छी तरह पहचान कर लेनी चाहिए । यदि पहचान सम्भव नहीं हो पा रही हो, तो स्थानीय स्तर पर उपस्थित विशेषज्ञ से कीट की पहचान करा कर कीट की किस्म के अनुरूप ही रसायन क्रय करने चाहिए ।
- कीटनाशकों का प्रयोग तभी करना चाहिए जब कीट से आर्थिक नुकसान की क्षति निम्न स्तर की सीमा से बढ़ गयी हो।
- कीट को मारने का सही उपाय एवं समय पता कर लेना चाहिये।
- कीटनाशकों के विषाक्तता को प्रदर्शित करने के लिए कीटनाशक के डिब्बों पर तिकोने आकार का हरा, नीला, पीला अथवा लाल रंग का निशान बना होता है। जब कई कीटनाशी उपलब्ध हों, तो सबसे पहले लाल निशान वाले कीटनाशी का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि लाल निशान के कीटनाशक समस्त स्तनधारियों पर सबसे अधिक नुकसान करते हैं। लाल निशान वाले कीटनाशी की अपेक्षा पीले रंग के निशान वाले कीटनाशी कम तथा पीले रंग के कीटनाशी की अपेक्षा नीले रंग के निशान वाले कीटनाशी कम नुकसान पहुँचाते हैं। सबसे कम नुकसान हरे रंग के निशान वाले कीटनाशी से होता है।
- कीटनाशक खरीदते समय हमेशा उसके उत्पादन तिथि एवं उपयोग करने की अंतिम तिथि को अवश्य पढ़ लेना चाहिए ताकि पुरानी दवा को खरीदने से बचा जा सके, क्योंकि पुरानी दवा कम अथवा नहीं के बराबर असरदार हो सकती है, जिससे आर्थिक नुकसान से बचा जा सकता है।
- कीटनाशी के पैकिंग के साथ एक उपयोग करने के लिए पुस्तिका अर्थात लीफलेट भी आता है, जिसे ध्यान पूर्वक

पढ़ना आवश्यक है, जिसमें उपयोग का तरीका तथा मात्रा भी अंकित होती है ।

- कीटनाशकों का भण्डारण हमेशा साफ-सुथरी एवं हवादार तथा सूखे स्थान पर करना चाहिए।
- यदि अलग-अलग समूहों के कीटनाशकों का प्रयोग करना है तो एक के बाद दूसरे का प्रयोग करना चाहिए।
- ऐसे कीटनाशकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जिसके प्रयोग से पत्तों में रसायनिक अम्ल बनता हो।

कीटनाशकों के प्रयोग करते समय बरते जाने वाली सावधानियाँ

- शरीर को पूरी तरह से बचाने वाले कपड़े ठीक ढंग से पहन लेने चाहिए, जिससे यदि उसमें कीटनाशी लग भी जाए तो बदल कर दूसरे कपड़े पहन सकें तथा हाथों में रबर के दस्ताने अवश्य पहनने चाहिए तथा मुँह पर मास्क लगा होना चाहिए। आँखों की सुरक्षा के लिए चश्मा लगा लेना चाहिए ।
- कीटनाशी छिड़कने वाले को छिड़काव की पूरी जानकारी होनी चाहिए तथा उसके शरीर पर कोई घाव भी नहीं होना चाहिए तथा छिड़काव के समय चलने वाली हवा से बचना चाहिये।
- बहुत जहरीले कीटनाशी को प्रयोग करते समय अकेले नहीं होना चाहिए। एक या दो व्यक्तियों को खेत के बाहर होना चाहिए, जिससे आपातकाल में उनसे मदद ली जा सके।
- कीटनाशी का घोल बनाते समय किसी बच्चे या अन्य आदमी अथवा जानवर को पास में नहीं रहने देना चाहिए।
- कीटनाशी को मिलाने के लिए लकड़ी का डण्डा प्रयोग करना चाहिए तथा घोल को ढककर रखना चाहिए ताकि कोई पशु उसे धोखे से पी न ले।
- दवा के साथ मिली हुई प्रयोग पुस्तिका को दुबारा पढ़ कर उसके अनुदेशों का पालन करना चाहिए।
- कीटनाशक छिड़कने वाले यंत्र की जाँच कर लेनी चाहिए। यदि यंत्र खराब है, तो पहले उसकी मरम्मत कर लेनी चाहिए। तथा नोज़ल कभी भी मुँह से खोलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।
- कीटनाशक का छिड़काव करने के पश्चात त्वचा को अच्छी तरह से साफ कर लेना चाहिए।
- तरल कीटनाशियों को सावधानीपूर्वक मशीन में डालना चाहिए और यह ध्यान रखना चाहिए कि यह किसी भी प्रकार से मुँह, कान, नाक, आँख आदि में न जाने पाए । यदि ऐसा होता है, तो तुरंत साफ पानी से बार-बार प्रभावित अंग को धोना चाहिए ।
- छिड़काव के समय साफ पानी की पर्याप्त मात्रा पास में रखनी चाहिए ।
- कीटनाशी का प्रयोग करते समय किसी को खान-पान या धूम्रपान नहीं करना चाहिए ।
- कीटनाशी मिलाते समय जिधर से हवा आ रही हो उसी तरफ खड़ा होना चाहिये ।
- कीटनाशी का प्रयोग करते समय यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि कीटनाशी की मात्रा पूरी तरह पानी में घुल गयी हो ।
- रसायन का धुँआ सांस के द्वारा शरीर के अंदर नहीं जाने देना चाहिए ।
- हवा के विपरीत दिशा में खड़े होकर छिड़काव या बुरकाव नहीं करना चाहिए ।
- एक बार जितनी आवश्यकता हो उतना ही कीटनाशी ले जाये ।
- छिड़काव के लिए उपयुक्त समय सुबह या सांयकाल होता है तथा यह ध्यान रखना चाहिए कि हवा की गति 7 किमी प्रति घण्टा से कम ही होनी चाहिए तथा तापमान 21 डिग्री सेंटीग्रेड के आस-पास रहना सर्वोत्तम होता है ।
- फूल आने पर फसलों पर कम से कम छिड़काव करना चाहिए और यदि छिड़काव करना ही हो तो हमेशा सांयकाल में ही करना चाहिए, जिससे मधुमक्खियाँ रसायन से प्रभावित न हों ।
- कीटनाशकों का व्यक्ति पर प्रभाव दिखने लगे तो तुरंत डाक्टर के पास ले जाना चाहिए साथ ही कीटनाशी का डिब्बा भी लेकर जाना चाहिए ।

कीटनाशियों के प्रयोग के बाद बरते जाने वाली सावधानियाँ

- बचे हुए कीटनाशक की शेष मात्रा को सुरक्षित स्थान पर भण्डारित कर देना चाहिए ।

- कभी भी कीटनाशी के घोल को पम्प में नहीं छोड़ना चाहिए।

3. पम्प को ठीक तरह से साफ करके ही भण्डार गृह में रखना चाहिए।

- खाली डिब्बे को किसी अन्य काम में न लेकर बल्कि उसे तोड़कर दो फुट गहरे मिट्टी में दबा देना चाहिए।
- कागज़ या प्लास्टिक के डिब्बे को यदि जलाना है तो उसके धुँए के पास खड़ा नहीं होना चाहिए।
- कीटनाशी के छिड़काव के समय प्रयोग में लाये गये कपड़े, बर्तन आदि को अच्छी तरह से धोकर रखना चाहिए।
- कीटनाशी का छिड़काव करने के बाद अच्छी तरह से स्नान करके दूसरे वस्त्र पहन लेने चाहिए।
- जिस भी कीटनाशक का प्रयोग करें उसका सम्पूर्ण विवरण लिखकर रख लेना चाहिए।
- कीटनाशी छिड़काव के बाद छिड़के गये खेत में किसी भी आदमी अथवा जानवर को कुछ देर तक नहीं जाने देना चाहिए।
- कीटनाशी छिड़काव के बाद छः घण्टे तक वर्षा नहीं होनी चाहिए। यदि छः घण्टे के अंदर वर्षा हो जाती है तो पुनः छिड़काव करना चाहिए।
- अंतिम छिड़काव एवं फसल की कटाई या तुड़ाई के समय दवा में बताये गये अंतराल का अवश्य ध्यान रखना चाहिए।

विष का उपचार

सभी प्रकार की सावधानियाँ रखने के उपरांत भी यदि कोई व्यक्ति इन कीटनाशकों का शिकार हो जाये, तो निम्नलिखित सावधानियाँ अपनानी चाहिए।

- रोगी के शरीर से विष को शीघ्रातिशीघ्र निकालने का प्रयास करना चाहिए ।
- विषमारक दवा का तुरंत प्रयोग करना चाहिए ।
- रोगी को तुरंत पास के किसी अस्पताल या डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए ।
- यदि जहर खा लिया है तो एक गिलास गुनगुने पानी में दो चम्मच नमक मिलाकर उल्टी करानी चाहिए अथवा गुनगुने पानी में साबुन घोलकर पिलाना चाहिए अथवा एक चम्मच गुनगुने पानी मे एक ग्राम जिंक सल्फेट मिला कर देना चाहिए।
- यदि व्यक्ति ने विष सूँघ लिया है तो शीघ्र ही खुले स्थान पर ले जाना चाहिए। शरीर के कपड़े ढीलेकर देने चाहिए। यदि दौरे पड़ रहे हैं तो अँधेरे स्थान पर ले जाना चाहिए। यदि सांस लेने में समस्या हो रही हो तो पेट के सहारे लिटाकर उसकी बाँहों को सामने की ओर फैला लें एवं रोगी की पींठ को हल्के-हल्के सहलाते हुए दबाएँ तथा कृत्रिम स्वाँस का भी प्रबंध करें।

निष्कर्ष

कीटनाशकों के घतक प्रभाव से बचने के लिए आवश्यक है कि उन पर लिखे निदेर्शों का पालन सही प्रकार से किया जाये तथा इसमें किसी भी प्रकार की असावधानी न बरती जायें क्योंकि जरा सी चूक होने पर जान जाने का भी खतरा रहता है। इसलिए कीटनाशकों का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करना जरूरी है।

संदर्भ : डॉ. माथुर और डॉ. उपाध्याय (2020) कृषि कीट विज्ञान, रमा पब्लिशिंग हाउस, मेरठ।

❖❖

ISSN No. 2583-3146

आम के महत्वपूर्ण मूल्यवर्धित उत्पाद

अमित कुमार[1*], प्रशान्त गौतम[2], सतवान सिंह[3], रामदीन कुमार[4] एवं कुलदीप कुमार शुक्ला[5]

[1] एवं [2] फल विज्ञान विभाग

[3]पुष्प विज्ञान एवं भूदृश्य निर्माण विभाग

सरदारवल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ

[4]उद्यान विज्ञान विभाग एवं कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

[5]फल विज्ञान एवं उद्यान प्रौद्योगिकी विभाग, ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर

पत्राचारकर्ता : amitworld701@gmail.com

परिचय

हमारे देश में आम उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्र में सफलतापूर्वक व्यावसायिक रूप से उगाया जाने वाला महत्वपूर्ण स्वादिष्ट मीठा फल है। आम का वैज्ञानिक नाम *मैंगीफेरा इंडिका* (Mangifera Indica) तथा यह

एनाकार्डियासि (Anacardiaceae) कुल का पेड़ है। यह एक प्रकार का रसीला फल होता है। आम का नाम सुनते ही मुंह में एक अनूठा रस घुल जाता है। शायद, इसीलिए आम अपने गुणों के कारण फलों का राजा भी कहा जाता है। आम भारत का राष्ट्रीय फल भी है। आम का स्वाद ही नहीं, बल्कि इसका नाम भी बहुत मायने रखता है। यह दुनिया का सबसे शानदार फल है। भारत के उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक और पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में आसाम तक सभी जगह आम उगाया जाता है। बाकी सभी फलों में से भारत में आम की महत्व ही कुछ और ही है। पूरे विश्व भर में आम की विभिन्न किस्में पायी जाती है। आम की लगभग 1,600 किस्में भारत में ही मौजूद हैं। अधिकांश भारतीय किस्में स्वादिष्ट, उत्कृष्ट स्वाद और आकर्षक हैं। फिर भी केवल 20-25 किस्में ही व्यावसायिक रूप से उगाई जाती हैं। आम का फल विटामिन ए और कई खनिज पोषक तत्वों का समृद्ध स्रोत होता है। यह भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और फिलीपींस में राष्ट्रीय फल माना जाता है और बांग्लादेश में इसके पेड़ को राष्ट्रीय पेड़ का दर्जा प्राप्त है। आम उत्पादन में भारत का पहला स्थान है तथा कुल फल उत्पादन का दूसरा स्थान है। भारत में आम की खेती का कुल क्षेत्रफल 229 मिलियन हैक्टयर तथा उत्पादन 2044 मिलियन टन होता है । भारत में इसकी खेती करने वाले प्रमुख राज्य में, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश (लगभग 24 प्रतिशत) जिसके बाद कर्नाटक (10 प्रतिशत) का स्थान तथा बिहार (7 प्रतिशत) का प्रमुख आम उत्पादक हैं। आम स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिकता से भरपूर होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ये इम्युनिटी को मजबूत करता है। आम को कच्चा या पका दोनों तरह से उपयोग करते हैं। जहाँ कच्चे आम में विटामिन 'सी' प्रचुर मात्रा में होता है वहीं पके आम (कैरोटिनॉइड) का बहुत अच्छा स्रोत है। आम कैल्शियम, फॉस्फोरस, लोहा आदि खनिज लवणों का अच्छा स्रोत है। आम के फल अपनी वृध्दि एवं विकास की हर अवस्था में उपयोगी है। कच्चे और पके आम में प्रोटीन, वसा, काबोहाइड्रेट, नमी, खनिज लवण, कैल्शियम, लोहा, कैरोटीन, एस्कार्बिक एसिड, राइबोफ्लेविन आदि तत्व पाए जाते हैं। पके आम का स्क्वैश, आरटीएस बनाकर और कच्चे आम की चटनी, आमचूर, पन्ना, खटाई आदि उत्पाद बनाकर उपयोग कर सकते हैं।

आम के फल के उपयोग

आम के फलों का उपयोग विभिन्न रूप में किया जाता है। सामान्य तौर पर, कच्चे फलों का उपयोग अचार, चटनी, पाउडर और पेय बनाने के लिए किया जाता है और पके फलों को सेवन करने के अलावा, प्रसंस्करण कर विभिन्न प्रकार से संसाधित भी किया जाता है मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे रस, अमृत, स्क्वैश, जैम आदि। हालांकि कई किस्में भारत में उगाई जाती हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश का उपयोग टेबल के

प्रयोजनों (ताजा खाने) के लिए किया जाता है और केवल कुछ में प्रसंस्करण विशेषताएँ होती हैं, जिनका उपयोग ऐसे उद्देश्यों के लिए किया जाता है। फलों को नमकीन सिरप में या निर्जलीकरण द्वारा स्लाइस के रूप में भी संरक्षित किया जाता है। सीआईएसएच, लखनऊ में आम की चुनिंदा किस्मों से वाइन तैयार करने के लिए भी बनाया गया है, जिसका व्यावसायिक दोहन के लिए बहुत अच्छा भविष्य है। आम का बीज, अक्सर कर्नेल के रूप में जाना जाता है, इसमें 8-12 प्रतिशत वसा, 6.1-9.5 प्रतिशत प्रोटीन होता है, जिसका उपयोग साबुन बनाने में किया जा सकता है और कन्फेक्शनरी में कोको के लिए एक अच्छा विकल्प भी प्रदान करता है। भुना हुआ आम कर्नेल भी कई लोगों द्वारा पसंद किया जाता है।

आम का प्रसंस्करण

आम के फलों का उपयोग कई मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे चटनी, आम पाउडर (आमचूर) और चमड़ा विकास के लिए किया जाता है, आमतौर पर भारत में इसे 'आम पापड़' व 'अमावट' कहा जाता है। हालांकि, आम के विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों की तैयारी के लिए तकनीकों का सुधार और मानकीकरण लगातार हो रहा है। आम के कुछ लोकप्रिय उत्पाद और उनके पद्धतियों का संक्षेप में यहां वर्णन किया गया है।

क. कच्चे आम के उत्पाद

कच्चे आम के फलों का इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। शुरुआत में, आम आमतौर पर मीठी या खट्टी चटनी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जैसे-जैसे फल की वृद्धि स्टोनहार्डिंग की ओर बढ़ती है, यह कई उपयोगी उत्पाद बनाने के लिए उपयुक्त हो जाता है, जैसा कि यहाँ वर्णित है

(अ) हरे आम का पेय

आवश्यक सामग्री : हरे आम का पेय सांद्रण के साथ तैयार किया जा सकता है। इस रेसिपी में 25 प्रतिशत आम का गूदा, 40-45 प्रतिशत टीएसएस, 2 प्रतिशत सामान्य नमक और अम्लता लगभग 1.5 प्रतिशत समायोजित की जाती है। इसके अलावा, पेय में काली मिर्च, पुदीना, अदरक, जीरा आदि मिला सकते हैं।

विधि : हरे आम का पेय बनाने के लिए सर्वप्रथम कच्चे आमों को अच्छी तरह से छील कर और घुल लें और स्लाइस में काट लें। अब कटे हुए आमों में पानी की दुगुनी मात्रा डालकर उबाल लें। अर्क आने पर चीनी की दी हुई मात्रा डाले और इसे फिर से गर्म करें। साथ ही इसे लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा करें। फिर पुदीना और अन्य मसालों का अर्क डालें। अच्छी तरह से सामग्री मिलाएं और 0.7 ग्राम पोटैशियम मेटाबाइसल्फाइट (केएमएस) प्रति किलोग्राम अंतिम उत्पाद में जोड़ें । मिश्रण को पूर्व-निष्फल बोतलों में डालें, उन्हें क्राउन-कॉर्क करें और पिघला हुआ मोम के साथ सील करें। मलमल के कपड़े से छानने के बाद हरे आम का पेय 'पन्ना' का संशोधित रूप है, क्योंकि 'पन्ना' में चीनी नहीं डाली जाती है और पूरे उबले/भुने आम का इस्तेमाल किया जाता है।

(ब) आमचूर (आम पाउडर)

आवश्यक सामग्री : कच्चा आम, 0.2% पोटैशियम मेटाबाइसल्फाइट

कार्य प्रणाली : कच्चे आम धोए जाते हैं, अधिमानतः अंकुर के पेड़ से काटे जाते हैं,छीलकर 4-5 मिमी मोटे और 30-40 मिमी लंबे स्लाइस में काट लें। ये स्लाइस 0.2 प्रतिशत पोटैशियम मेटाबाइसल्फाइट (केएमएस) घोल में 10 मिनट के लिए डुबोकर रखें। फिर स्लाइसों को खुली हवा में या सौर/विद्युत ड्रायर में सुखाया जाता है। निर्जलीकरण के बाद, स्लाइस पीसकर पाउडर में परिवर्तित हो जाते हैं। पॉलीथीन पाउच या एयरटाइट कंटेनर में पैक की जाती है और उपयोग करने तक सूखी ठंडी जगह पर रख दें।

(स) अचार

कच्चे आम से विभिन्न प्रकार के अचार जैसे मीठा, खट्टा, गर्म और अचार का तेल आमतौर पर बनाया जाता है। हालांकि,

ISSN No. 2583-3146

अचार में तेल आमतौर पर विपणन किया जाता है। तेल का अचार बनाना इस प्रकार है:

आवश्यक सामग्री : आम के टुकड़े 1 किलो; नमक 40 ग्राम; मेंथी बीज 50 ग्राम; अदरक 50 ग्राम; हल्दी 20 ग्राम; लाल मिर्च 25 ग्राम; काली मिर्च 30 ग्राम; सौंफ़ 30 ग्राम; और खाना पकाने का तेल 300 ग्राम, आम का अचार।

विधि : पूरी तरह से परिपक्व, कच्चे आम के फलों को धो लें और स्लाइस में काट लें। उन्हें पर्याप्त मात्रा में नमक पाउडर मिला लें। सामग्री को कांच के जार में भरें या पॉलीथीन बैग में और जब तक हरा रंग गायब न हो जाए धूप में रखें। अदरक के टुकड़ों को पाउडर मसाले के साथ मिलाएं। तेल को स्मोकिंग पॉइंट पर उबालें और फिर इसे ठंडा कर लें। तेल में मसाले का पाउडर डालिये और लगातार चलाते हुये उबालिये। इसमें नमक, धुले आम के टुकड़े डालिये और सामग्री को फिर से तब तक उबालिये जब तक पूरा द्रव्यमान अच्छी तरह मिश्रित न हो जाए। गर्म करना बंद करें और लगभग 10 मिली ग्लेशियल एसिटिक एसिड डालें यदि आवश्यक हो तो अम्ल और थोड़ी मात्रा में लौंग और इलायची और उपयुक्त कंटेनर में पैक करें।

(घ) आम-नींबू का अचार

आवश्यक सामग्री : आम- 1 किग्रा, नींबू- 500 ग्राम, नमक- 200 ग्राम, मेथी- 50 ग्राम, कलौंजी- 20 ग्राम, हल्दी- 20 ग्राम, लाल मिर्च- 20 ग्राम,सरसों का तेल आवश्यकतानुसार।

आम-नींबू का अचारबनाने की विधि

आम को अच्छी तरह धुलकर काट लें एवं नींबू को भी दो या चार भाग में काट लें। नींबू में नमक मिलाकर धूप में रख

दें ताकि उसका पानी निकल जाए, जब पानी रिसना बन्द हो जाए तो आम के अचार में डाल दें, फिर उसमें मेथी, कलौंजी, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, काली मिर्च, नमक एवं सरसों का तेल मिलाकर एक सप्ताह तक धूप में रखें। एक सप्ताह बाद अचार खाने योग्य तैयार हो जाएगा।

(ख) पके आम के उत्पाद

पके आमों का उपयोग विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पादों की तैयारी के लिए किया जाता है जैसे लुगदी, अमृत, रस, स्क्वैश, स्लाइस, चमड़ा, पाउडर आदि। हालांकि, कुछ व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य उत्पादों की तैयारी यहाँ का वर्णन किया गया है।

(अ) पल्प : गूदा निकालने के लिए, पूरी तरह से पके आम चुनें और उन्हें साफ पानी में धो लें । छिलका हटा दें, स्लाइस काट लें और लुगदी में समरूप बनाना। पल्प को छलनी से छान लें तंतुओं को हटा दें। मीठी किस्मों में, 3 ग्राम

ISSN No. 2583-3146

तक साइट्रिक एसिड प्रति किलो गूदा डालना चाहिए। पल्प (गूदा) को 76-78° सेल्सियस तक गर्म करें लगातार चलाते हुए 40°C तक ठंडा करें। 1-2 ग्राम पोटैशियम मेटाबाइसल्फाइट प्रति किलो लुगदी में जोड़ें । फिर, तुरंत इसे साफ और निष्फल गिलासया खाद्य ग्रेड प्लास्टिक के कंटेनर में भर दिया जाता है और पिघला हुआ मोम के साथ सील करें; और उपयोग होने तक साफ, सूखी और ठंडी जगह पर स्टोर करें।

(ब) रस : आम का जूस सभी प्रकार के टेबल वेरायटी से बनाया जा सकता है। आम रस बनाने के लिए, पहले गूदे को वर्णित के रूप में निकाला जाता है। फिर 70 प्रतिशत और पानी को मिलाकर रस तैयार किया जाता है 30 प्रतिशत गूदा, चीनी और साइट्रिक एसिड मिलाने के लिए TSS (कुल घुलनशील ठोस) 20 प्रतिशत और अम्लता 0.3 प्रतिशत हो, एक किलो गूदे के लिए 1.85 किलो पानी, 450 ग्राम चीनी और 8 ग्राम साइट्रिक एसिड। सामग्री को 95 डिग्री सेल्सियस तक गर्म करें और इसे प्रीस्टरलाइज़्ड बोतलों में गर्म करें और क्राउन कॉर्क को ठीक करें। रस से भरी बोतलें 20-25 मिनट के लिए उबलते पानी में पाश्चुरीकृत किया जाना चाहिए। फिर बोतलों को बाहर निकालें और उन्हें कमरे के तापमान पर ठंडा करें और भविष्य में उपयोग के लिए उन्हें ठंडी और सूखी जगह पर स्टोर करें।

(स) अमृत : अमृत तैयार करने की प्रक्रिया आम के रस की तैयारी के समान है सिवाय इसके कि अमृत में लुगदी की मात्रा 30 प्रतिशत के बजाय 20 प्रतिशत है। यह आम के रस का एक उत्कृष्ट विकल्प हो सकता है।

(य) स्क्वैश : मैंगो स्क्वैश बनाने के लिए, ऊपर बताए गए तरीके से गूदा तैयार कर लीजिए फिर 1.75 किलो चीनी को 1.25 लीटर पानी में घोलें और उबाल लें। फल की मिठास के आधार पर 25-35 ग्राम साइट्रिक एसिड मिलायें। चाशनी को 1 किलो गूदे में छान लीजिये और अच्छी तरह मिला लें। यदि ताजा गूदा निकाला जाता है, तो स्क्वैश में 2.8 ग्राम पोटैशियम मेटाबाइसल्फाइट (केएमएस) तुरंत मिलाया जा सकता है, जो अक्सर कम मात्रा में पानी में घुल जाता है। स्वच्छ निष्फल बोतलें वायुरोधी क्राउन कॉर्क के साथ उपयोग करने तक की जगह में भरें या पिघला हुआ पैराफिन मोम के साथ कॉर्क करेंऔर ठंडा होने पर स्टोर करें।

(र) चमड़ा (आम पापड़) : आम का चमड़ा, आम का एक महत्वपूर्ण उत्पाद है, जो भारत में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है साथ ही ये खाने में काफी स्वादिष्ट होता है और आमतौर पर इसे 'आमपापड़' कहा जाता है आम का चमड़ा बनाने के लिए एल्यूमीनियम पन्नी पर या ट्रे पर पका हुआ आम के गूदे में 2 ग्राम पोटैशियम मेटाबाइसल्फाइट (केएमएस) प्रति किलो गूदा में फैलाना चाहिए और सौर ड्रायर या ओवन में रखा जाना चाहिए। लुगदी की बाद की परतें हो सकती हैं मोटा चमड़ा प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक सुखाने के बाद जोड़ा जाना चाहिए। सूखे उत्पाद को टुकड़ों में काट लें और इसे बटर पेपर में लपेट दें। उत्पाद को साफ, सूखे और ठंडे जगह में संग्रहित किया जाना चाहिए।

ISSN No. 2583-3146

(ल) प्यूरी : आम को प्यूरी के रूप में प्रसंस्करण कर संसाधित किया जाता है, जिसका उपयोग अमृत, रस, स्क्वैश, जैम, जेली और निर्जलित उत्पाद बनाने के लिए किया जा सकता है। जमे हुए या डिब्बा बंद प्यूरी को रसायन द्वारा बैरल में संरक्षित या संग्रहीत किया जा सकता है। वर्ष के शेष भाग के दौरान जब ताजे आम उपलब्ध नहीं होते हैं यह सामग्री कच्चे माल की आपूर्ति की अनुमति देता है।

ग. उप-उत्पादों का उपयोग

आम प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा कई उप-उत्पादों का उत्पादन किया जाता है। उदाहरण के लिए, कैनरीज़ कुल प्रसंस्कृत आमों का लगभग 40-60 प्रतिशत अपशिष्ट उत्पन्न करता है। इस कचरे का 15 प्रतिशत अपशिष्ट छिलका, कर्नेल 18प्रतिशत और अपशिष्ट लुगदी 8 से 10 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। इन उपोत्पादों का उपयोग स्टार्च और पेक्टिन को खिलाने और निकालने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा स्टीयरिक और ओलिक अम्ल से भरपूर आम की गिरी में 7-12 प्रतिशत तेल होता है।इस तेल को अम्ल कम करने वाला उत्कृष्ट गुणों के साथ एक ओलीन देने के लिए अंशांकित किया जा सकता है और एक स्टीयरिन जो कुछ वसा में से एक है जिसका उपयोग कोकोआ मक्खन को बदलने के लिए किया जा सकता है व कुछ देशों में चॉकलेट में इस्तेमाल किया जाता है।

(अ) आम का तेल : आम की गुठली के टुकड़े की गोली बनाने के लिए एक मशीन और छर्रों को अवगत कराया जाता है। छर्रों को कमरे के तापमान पर कूलर में ठंडा किया जाता है और विलायक निष्कर्षण संयंत्र को अवगत कराया जाता है। इसका उपयोग चॉकलेट निर्माण में कोकोआ मक्खन के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। इसका उपयोग यूनानी और आयुर्वेदिक दवाओं में भी किया जाता है और यह इस तेल का औषधीय महत्व है। फैट एक खाद्य तेल उद्देश्य के रूप में थोड़ा संशोधित किया जा सकता है और साबुन उद्योग में भी इस्तेमाल किया जा सकता है ।

(ब) गिरी का आटा : विभिन्न प्रसंस्करण चरणों के माध्यम से पके आम के फलों की गुठली को आटे में संसाधित किया जा सकता है। इसका आटा प्रोटीन और वसा का अच्छा स्रोत है। इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम के प्रशंसनीय स्तर भी शामिल है। इस आटे का उपयोग स्टार्च और प्रोटीन का निष्कर्षण के लिए किया जा सकता है। गिरी का आटा इस्तेमाल कर सकते हैं इसमें गेहूं के आटे को लगभग 5-10 प्रतिशत की सीमा तक बदलें। विभिन्न खाद्य उत्पादों जैसे चपाती की तैयारी। यह फ़ीड और खाद के रूप में, कपड़ा और वस्त्र उद्योग संचालन में, कपड़े धोने के लिए, कागज चिपकने में और किण्वनमें इस्तेमाल किया जा सकता है।

निष्कर्ष

आम एक व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण फल है, जिसके द्वारा विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण मूल्यवर्धित उत्पाद बनाये जाते है। जिसका उपयोग दोनों कच्चे एवं पके अवस्था में मूल्य वर्धित उत्पाद बनाने के लिए किया जाता है। सामान्य तौर पर, कच्चे फलों का उपयोग अचार, चटनी, पाउडर और पेय बनाने के लिए किया जाता है और पके फलों को सेवन करने के अलावा, प्रसंस्करण कर विभिन्न प्रकार से संसाधित भी किया जाता है। मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे पल्प, रस, अमृत, स्क्वैश, जैम, चमड़ा (आम पापड़), प्यूरी आदि। इसके अलावा आम का उपयोग प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा कई उप-उत्पादों का उत्पादन किया जाता है। इसीलिए आम मूल्य वर्धित उत्पादके लिए एक महत्वपूर्ण फल है।

❖❖

ISSN No. 2583-3146

सूरजमुखी की खेती

संयम त्रिपाठी [1]*, सोबिता साइमन[2] एवं अभिलाषा ए. लाल[3]

पादप रोग विज्ञान विभाग, शुआट्स, प्रयागराज

पत्राचारकर्ता : ndsanyam@gmail.com

परिचय

सूरजमुखी एक महत्वपूर्ण तिलहनी फसल है, बेहतर मुनाफा देने वाली यह फसल नकदी फसल के अन्तर्गत आती है। सूर्य की ओर झुका रहने के कारण इस फूल का नाम सूरजमुखी पड़ा। यह एक ऐसी फसल है जिस पर प्रकाश का कोई असर नहीं पड़ता। सूरजमुखी का वानस्पतिक नाम *हेलियन्थस (Helianthans)* है तथा यह ऐस्टरेसिए (Asteraceae) कुल का पौधा है। यह अमरीका का देशज है परन्तु वर्तमान समय में इसे विश्व के विभिन्न देशों जैसे रूस, अमेरिका, ब्रिटेन, मिस्र, डेनमार्क, स्वीडन और भारत आदि अनेक देशों में उगाया जा रहा है। विश्व में इसका कुल 27 मिलियन टन उत्पादन होता है।

सूरजमुखी की खेती खरीफ, रबी और जायद तीनों सीजनों में की जा सकती है। सूरजमुखी की खेती देश में पहली बार 1969 में उत्तराखण्ड राज्य के पंतनगर में की गयी थी। वर्तमान समय में भारत में 15 लाख हेक्टेयर भूमि में सूरजमुखी की खेती की जाती है और करीब 90 लाख टन उत्पादन होता है। भारत में सुरजमुखी की औसत उत्पादकता, क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। सूरजमुखी के प्रमुख उत्पादक 7 राज्य महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु, हरियाणा और पंजाब है।

बागों में उगाये जाने वाले सूरजमुखी की उपर्युक्त प्रथम दो प्रजातियाँ जो की सामान्य या संकुल प्रजातियाँ होती है। इसमें मार्डन और सूर्य शामिल है एवं द्वितीय संकर प्राजातियाँ इसमें के.वी.एस एच-1, एस एच 3322 एवं एफ एस एच 17 पाई जाती हैं।

सूरजमुखी का पेड़ 8 फुट तक ऊँचे होते हैं तथा इसका फूल 7 सेमी से 15 सेमी चौड़े और कर्षण से उगाने पर 30 सेमी. या इससे अधिक चौड़े हो सकते हैं। इनके डंठल बहुत नाजुक होते हैं जो हवा के झोंके से टूट जाते हैं। अतः इनके पेड़ को एक छड़ी के साथ बाँधा जाता है। इसकी पत्तियाँ 7 सेमी से 30 सेमी लम्बी होती हैं। इनके पेड़ एक वर्षीय व बहुवर्षीय होते हैं। इसे सभी प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता हैं। इस फसल को नकदी फसल के नाम से जान जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में अपनी उत्पादन क्षमता और अधिक मूल्य के कारण सूरजमुखी की खेती किसानों के बीच लोकप्रिय हो रही है। सूरजमुखी की फसल हर प्रकार की मिट्टी में उगाईजा सकती है। जहां पर पानी निकास का अच्छा प्रबंध हो। अम्लीय और क्षारीय जमीनों में इसकी खेती करने से बचना चाहिए।ज्यादा पानी सोखने वाली भारी जमीन इस के लिए ज्यादा अच्छी होती है।

तेल व बीजों के फायदे

सूरजमुखी के फूलों व बीजों में कई औषधीय गुण छिपे होते हैं। इसके बीज दिल को स्वस्थ रखने से लेकर यह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव करता है। इसके अलावा सूरजमुखी के तेल का सेवन करने से लीवर सही तरीके से काम करता है और ऑस्टियोपरोसिस जैसी हड्डियों की बीमारी भी नहीं होती है, यह त्वचा को निखारने के साथ बालों को भी मजबूत बनाता है। इसके बीज न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि इन्हें खाने से पोषण भी मिलता है और यह पेट भी भरता हैं। सूरजमुखी के बीज सभी फूड स्टोर्स में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। सूरजमुखी के बीजों को खाने से हार्टअटैक का खतरा कम होता है, कोलेस्ट्रॉल घटता है।

तेल व बीजों के नुकसान

यद्यपि सूरजमुखी एक अत्यंत उपयोगी बीज है व इसके तेल के भी अपने कई गुण होते हैं परन्तु कुछ फायदे होने के

ISSN No. 2583-3146

बावजूद इसका अत्यधिक सेवन शरीर को नुकसान पहुँचा सकता है। सूरजमुखी के बीजों में फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होती है। जिसके अत्यधिक सेवन से किडनी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसकेा बीजों में सेलोनियम की मात्रा अधिक होती है। यदि शरीर में इसकी मात्रा बढ़ जाये तो सूजन, थकान व मूड स्विंग की समस्या उत्पन्न हो सकती है। सूरजमुखी के बीज शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ा सकते हैं जो उच्च रक्तचाप और हृदय स्वास्थ्य के लिए समस्या उत्पन्न कर सकते है। सूरजमुखी के तेल में ओमेगा 6 फैटी एसिड, अत्यधिक मात्रा में पाया जाता है। जो शरीर के मोटापा व कोलेस्ट्राल के स्तर को बढ़ाता है। गर्भवती स्त्रियों को सूरजमुखी के तेल का सेवन नहीं करना चाहिए।

प्रमुख उन्नत किस्में

सूरजमुखी की एकमात्र किस्म मार्डन बहुत लोकप्रिय है। परंतु अब कई संकर किस्में भी उपलब्ध हैं जैसे बीएसएस-1, केबीएसएस-1, ज्वालामुखी, एमएसएफएच-19, सूर्या आदि।

भूमि का चुनाव एवं खेत की तैयारी

सूरजमुखी की उपज खरीफ, रबी और जायद तीनों सीजनों में की जाती है। सूरजमुखी की फसल हर प्रकार की मिट्टी में उगाई जा सकती है। परन्तु इसके खेती के लिये पानी निकास का अच्छा प्रबंध होना चाहिए। अम्लीय और क्षारीय जमीनों में इसकी खेती करने से बचना चाहिए। ज्यादा पानी सोखने वाली भारी जमीन इस के लिए ज्यादा अच्छी होती है। खेत में भरपूर नमी न होने पर पलेवा लगाकर जुताई करनी चाहिए। पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करने के बाद साधारण हल से 2-3 बार जुताई कर के खेत को भुरभुरा बना लेना चाहिए या रोटावेटर का इस्तेमाल करना चाहिए।

बुवाई का समय एवं विधि

सूरजमुखी की फसल प्रकाश संवेदी है। अतः इसे वर्ष में तीन बार रबी, खरीफ एवं जायद सीजन में बोया जा सकता है। जायद मौसम में सूरजमुखी को फरवरी के प्रथम सप्ताह से फरवरी के मध्य तक बोना सबसे उपयुक्त होता है। जायद मौसम में कतार से कतार की दूरी 4-5 सेमी व पौध से पौध की दूरी 25-30 सेमी की दूरी पर बुवाई करें।

खाद एव उर्वरक

बुवाई से पूर्व 7-8 टन प्रति हैक्टेयर की दर से सड़ी हुई गोबर खाद भूमि में खेत की तैयारी के समय खेत में मिलाएं व अच्छी उपज के लिए सिंचित अवस्था में यूरिया 130 से 160 किग्रा, एसएसपी 375 किग्रा पोटाश 45 किग्रा एवं नाइट्रोजन 60 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। नाइट्रोजन 40 किग्रा व पोटाश की समस्त मात्रा बुवाई के समय प्रयोग करें। बुवाई के 30-45 दिनों के बाद पहली सिंचाई के समय नाइट्रोजन की। शेष 20 किग्रा मात्रा को खड़ी फसल में देन लाभ पाया गया है।

सिंचाई

जायद (फरवरी माह में) में बोयी गई सूरजमुखी की फसल में 3 सिंचाई की आवश्यकता होती है। पहली सिंचाई बुवाई के 30-35 दिन बाद करें व इसी अवस्था में नाइट्रोजन

की 1/3 मात्रा का उपयोग करें। द्वितीय सिंचाई 20-25 दिन बाद फूल आने की अवस्था में करें एवं अंतिम सिंचाई बीज बनने की अवस्था में करें।

प्रमुख कीट व रोकथाम

(क) प्रायः सूरजमुखी की फसल में कटुवा सूड़ी, बालों वाली सूड़ी आदि शामिल हैं। कटुवा सूड़ी रात्रि को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए कटुवा सूड़ी को चोरी सूड़ी भी कहते हैं। दिन के समय यह मिट्टी में छिप जाते हैं। सूरजमुखी के पौधे को मारने में इस कीड़े का अहम योगदान होता है।

रोकथाम

कटुवा सूड़ी खत्म करने के लिए खेत की सिंचाई करनी चाहिए ताकि कीड़े पानी में डूबकर मर जाये। इसके अलावा 10 किग्रा. फैनवालरेट 0.4 प्रतिशत प्रति एकड़ धूड़ा करें या 80 मिली. फैनवालरेट 20 ई.सी. या 50 मिली. साइपरमैथिलीन 50 ई.सी. 150 ली. पानी में मिलाकर प्रति एकड़ में छिड़काव करें।

(ख) बालों वाली सूड़ी छोटे-छोटे झुण्ड बनाकर 5-6

दिन में पत्तों को खा जाते हैं। धीरे-धीरे यह कीट पूरे खेत में फैलकर तने को भी हजम कर जाते हैं।

रोकथाम

बालों वाली सूड़ी को समाप्त करने के लिए खेत के चारों तरफ मिथाइल पैराथियान 2 प्रतिशत धूड़े की 15 सेमी0 चौड़ी पट्टी बना दें ताकि दूसरे खेत में फैल न सके। डाईक्लोरवास 76 ई0सी0 को 200 ली0 पानी में मिलाकर प्रति एकड़ में छिड़काव करें।

प्रमुख रोग व रोकथाम

(क) सूरजमुखी की फसल में मुख्यतः रतुआ, डाउनी मिल्ड्यू, पत्ती झुलसा जैसी रोग आती हैं। रतुवा रोग में पत्तियों छोटे लाल- भूरे धब्बे बनते हैं। जो जंग के रंग जैसे प्रतीत होते है। बाद में यह रोग पत्तियों तक फैल जाता है। जिससे पत्तियां पीली होकर गिरने लगती हैं।

रोकथाम : रतुवा रोग के बचाव के लिए सहनशील और प्रतिरोधी किस्मों का प्रयोग करना चाहिए, साथ ही साथ मैंन्कोजेब 0.2 प्रतिशत का छिड़काव करना चाहिए।

(ख) डाउनी मिल्ड्यू से रोगग्रस्त होने पर पौधा छोटा रह जाता है जिसमें पत्तियाँ मोटी एवं पत्तियों की नशें सफेद पीली हो जाती हैं, पत्तियों की निचली सतह पर फफूँद दिखता है।

इसके बचाव के लिए रोग प्रतिरोधी संकरों को लगाना महत्वपूर्ण है। फसल चक्र अपनाना चाहिए। फफूंदनाशक बीज उपचार करना चाहिए। पत्ती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मेन्कोजेब 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें।

फसल की सुरक्षा

सूरजमुखी में तोते सर्वाधिक नुकसान पहुंचाते हैं। तोते प्रायः दाने पड़ने की अवस्था से लेकर दाने पकने की अवस्था तक (एक माह) अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए सूरजमुखी के फूलो को कागज के लिफाफो से ढक दिया जाता है।

कटाई

फसल की कटाई उस समय करें जब कि फूल का पिछला हिस्सा नींबू जैसा पीला रंग का हो जाए और फूल झड़ जाए तो फसल तैयार समझना चाहिए। इस स्थिति में फूल को काटकर खलिहान में लायें व 3-4 दिन खलिहान में सूखने के बाद डंडों से पीटकर बीज निकालें।

सूजरमुखी की एक हेक्टेयर जमीन में उपज

सूरजमुखी की फसल 90-105 दिन में पककर तैयार हो जाती है व उन्नत विधि से उत्पादन करने पर 18-20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज प्राप्त की जा सकती है।

निष्कर्ष

सूरजमुखी एक अत्यन्त महत्वपूर्ण तिलहनी फसल है इसके बीज व तेल के स्वास्थ्य लाभ को देखते हुये बाजार में इसकी व्यावसायिक माँग तीव्र गति से बढ़ रही है। सूरजमुखी को कभी भी लगाया जा सकता है व इसके रख-रखाव की लागत भी कम आती है। यदि किसान इसकी खेती करते हैं तो अच्छी उपज प्राप्त करके अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

❖❖

ISSN No. 2583-3146

सब्जी फसलों में खड़ी खेती

रेहान[1]*, अखिलेश तिवारी[2], रीना नायर[3] एवं अंकिता शर्मा[4]

[1,4,3 एवं] [4]बागवानी विभाग, कृषि महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर

पत्राचारकर्ता : **rehanazmi477@gmail.com**

परिचय

